हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 19 मई 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

4
गंवरघुटरी के ग्रामीणों को अब इलाज के लिए जाना नहीं पड़ेगा दूर, खुलेगा 100 बिस्तर अस्पताल


## कपड़े धोने गई थी महिला, बड़ी बेटी ने तैरकर बचाई अपनी जान
# घोघरा डैम में डूबने से गर्भवती महिला और मासूम बेटी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बालाझार स्थित घोघरा डैम में रविवार दोपहर हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। डैम में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से एक गर्भवती महिला और उसकी 8 वर्ष की मासूम बेटी की मौत हो गई।

- एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से निकाले गए शव, गांव में पसरा मातम

बड़ी बेटी ने तैरकर अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी परिजन को दी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का ⏭ शेष पेज 4 पर



### गोताखोरों ने चलाया रेस्क्यू अभियान

घटना की जानकारी मिलते ही पत्थलगांव पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की गई। डैम में पानी की गहराई अधिक होने के कारण रेस्क्यू अभियान में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने राज्य आपदा मोचन बल (इसडीआरएफ) की टीम को भी मौके पर बुलाया। देर शाम तक चले संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मां और बेटी के शवों को पानी से बाहर निकाला जा सका।पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## युवक को रस्सी से बांधकर पीटने के मामले में 4 गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** जिले के बागबहार थाना क्षेत्र के ग्राम झारपारा में युवक को रस्सी से बांधकर मारपीट करने का मामले में पुलिस ने एक ही परिवार की दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त रस्सी, डंडा और लोहे की सरिया भी जब्त की है।

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने एक ही परिवार के 4 लोगों को पकड़ा

पुलिस के अनुसार पीड़ित जोगेंद्र बढ़ाई उम्र 50 वर्ष और आरोपी परिवार आपस में पड़ोसी हैं। दोनों पक्षों के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जा रहा है कि घटना के दिन भी आपसी कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और मारपीट तक पहुंच गया। पुलिस के अनुसार 29 अप्रैल को जोगेंद्र बढ़ाई अपने घर में लकड़ी का काम कर रहे थे। उसी दौरान पड़ोसी नवीन बंजारा और दिनेश बंजारा वहां पहुंचे और उन्हें "पागल" कहकर गालियां देने लगे। जोगेंद्र ने जब इसका ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### कुरडेग और रेमने में आज लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** 19 मई को बगीचा जनपद के ग्राम कुरडेग और मनोरा जनपद के रेमने में शिविर लगाए जाएंगे। कुरडेग शिविर में कुरेडग, सामरबार, मैनी, दुर्गापारा, सरडीह, बिमड़ा, नटकेला, झगरपुर, पेटा, जुरगुम, बगडोल, खन्ताडांड, जुजगु और पसिया के ग्रामीण अपनी समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इसी प्रकार रेमने के शिविर में करडीह, अलोरी, तालासिली, ओरकेला, पटिया, रेमने, पंडरसिली, सोनक्यारी, गीधा, अंधरझर, बहेरना, बेंजोरा, खम्हली, कारादरी, अजधा के ग्रामीण अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

### एनईएस महाविद्यालय में समर कोर्स 6 जून तक

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एन.ई.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र के मार्गदर्शन में कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए "समर कोर्स इन बेसिक्स ऑफ कंप्यूटर" का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 मई से 6 जून तक संचालित होगा। पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कंप्यूटर के मूलभूत ज्ञान एवं डिजिटल कौशल से प्रशिक्षित करना है, जिससे वे आधुनिक तकनीकी वातावरण में आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कंप्यूटर बेसिक्स, बेसिक नेटवर्किंग, बेसिक प्रोग्रामिंग, ऑफिस ऑटोमेशन तथा इंटरनेट एवं ई-मेल संबंधी विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### ट्रैक्टर ट्राली चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार




**अंबिकापुर।** ट्रैक्टर ट्राली की चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन और ट्राली को बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोधनपुर निवासी अमित कुमार ठाकुर आ. ध्रुव कुमार ठाकुर ने अपने घर के पीछे ट्रैक्टर ट्राली को खड़ा किया था। इस दौरान 9 मई की रात अज्ञात चोर ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर फरार हो गए थे। अमित कुमार ठाकुर की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही थी। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच और लोगों से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि छोटा हाथी वाहन में ट्राली को लेकर कुछ लोग लेकर जाते नजर आए थे। ऐसे में पुलिस ने गांधीनगर पुलिस ने ब्रिज भूषण उर्फ बिरजू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 8637 एवं चोरी गई ट्राली सीजी 16 जेडडी 0130 को जब्त करने के साथ ही राजपुर बरियों चौकी के ग्राम ककना निवासी 24 वर्षीय ब्रिजभूषण उर्फ बिरजु गिरी आ. महेन्द्र गिरी, ग्राम केपी निवासी 46 वर्षीय फूलचंद गिरी आ. शिव प्रसाद गिरी, ककना निवासी 24 वर्षीय नन्दु उर्फ नन्दकिशोर पैकरा आ. महेश्वर पैकरा को बीएनएस की धारा 305बी, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर से सउनि सुभाष ठाकुर, आरक्षक कुंदन पांडेय, रमन मंडल, घनश्याम देवांगन, राहुल सिंह, साइबर सेल से आरक्षक रमेश रजवाड़े सक्रिय रहे।

## एग्रीस्टेक पंजीयन के पेंडिंग वेरिफिकेशन को तेजी से करें पूर्ण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन उपरांत आवेदनों के पेंडिंग अप्रूवल और वेरिफिकेशन कार्यों को एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके लिए राजस्व अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने को कहा।

- फौती, नामांतरण, बंटवारा के प्रकरण पंचायत स्तर पर ही करें निराकृत

उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड अपडेशन की शिकायत नहीं आनी चाहिए सभी रिकॉर्डों का ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने लंबे समय से लंबित राजस्व प्रकरणों में सक्रियता दिखाते हुए निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने पंचायत स्तर पर फौती, नामांतरण, बंटवारा के प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को तहसील कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और ग्राम पंचायत में प्रति सप्ताह होने वाले ग्रामीण सचिवालय में स्थानीय स्तर पर ही समस्या का समाधान हो जाएगा। कलेक्टर श्री व्यास ने सुशासन तिहार के आवेदनों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का तेजी से निराकरण सुनिश्चित करे, जिससे लोगों को त्वरित लाभ मिल सके। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, सभी एसडीएम सहित वीसी के माध्यम से जिले के तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।



## 3 हजार से अधिक किसान नाशपाती का कर रहे उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर के किसानों को फलों की खेती के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। उद्यान विभाग और नाबार्ड द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जशपुर जिले के लगभग 3 हजार 500 किसान 3500 एकड़ में बागान से 1 लाख 75 हजार क्विंटल नाशपाती का उत्पादन करते हैं।

- अन्य राज्यों में जशपुर की नाशपाती की अधिक डिमांड

जशपुर जिले में नाशपाती का उत्पादन व्यापक पैमाने पर हो रहा है। इस वर्ष तक जिले में 3500 हेक्टेयर भूमि में नाशपाती के बागान डेवलप हो चुके हैं। मौजूदा वक्त में 3500 से अधिक किसान नाशपाती उत्पादन से जुड़े हैं। जशपुर की नाशपाती कई राज्यों में भेजी जा रही है। जिले के पहाड़ी इलाके जैसे सन्ना, पंडरापाठ, कंवई, महुआ, सोनक्यारी, मनोरा, धवईपाई, गीधा आदि इलाकों से नाशपाती कैरेट में पैक कर सीधे बाहर भेजी जाती है। अधिकांश किसान व व्यापारी जशपुर की नाशपाती को दिल्ली, उत्तरप्रदेश व ओडिशा पहुंचाते हैं। किसानों को सालाना 1 एकड़ के पीछे एक लाख से एक लाख 50 हजार रुपए की हो रही आमदनी। उद्यान विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि किसानों को नाशपाती की खेती के प्रति बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत नाशपाती फल क्षेत्र विस्तार हेतु योजना चलाई जा रही है।




## मामूली विवाद पर की थी पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** भिट्ठी कला में पत्नी की बेरहमी से पीट पीटकर हत्या करने और उसके प्राइवेट पार्ट में लोहे का रॉड डालने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। स्वीकार की है।



बता दें कि भिट्ठी कला निवासी प्रदीप अगरिया 14 मई की शाम पत्नी 23 वर्षीया हीरो बाई को बाइक से गंभीर हालत में लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा था। इस दौरान अस्पताल में चिकित्सकों ने हीरो बाई को मृत घोषित कर दिया था। पत्नी की मौत की जानकारी मिलते ही युवक लाश को अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया था। इधर जांच में यह बात सामने आई थी कि महिला जंगल से लकड़ी लेकर आने के बाद शाम को भोजन कर रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर हुए विवाद में युवक ने पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की। मारपीट के बाद गंभीर रूप से घायल पत्नी को खुद ही पीछे बांधकर बाइक से वह अस्पताल पहुंचा था। घटना के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। वहीं मृतिका के पीएम के दौरान उसके तीन माह के गर्भवती होने, महिला के शरीर पर गंभीर चोट के 17 निशान मिले थे। इसके साथ ही महिला के प्राइवेट पार्ट से चिकित्सकों ने 10 इंच लंबा लोहे का रॉड बरामद किया था। इसके बाद यह स्पष्ट हो गया था कि आरोपी ने पत्नी के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दी थी। पुलिस ने बांकी डेम के समीप घेराबंदी कर आरोपी प्रदीप अगरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

## विनोबा ऐप से मिल रहा नवाचारी शिक्षा को बढ़ावा

**जशपुरनगर।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में ओपन लिंक्स फाउंडेशन द्वारा विनोबा ऐप के माध्यम से नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा के दिशा-निर्देश एवं यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के समन्वय से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं नवाचार के लिए 'बोलेगा बचपन कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित शिक्षकों को यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता एवं यशस्वी जशपुर के सदस्य संजीव शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि बोलेगा बचपन कार्यक्रम का सुचारु रूप से विद्यालयों मे संचालन किया जा रहा है। विनोबा के सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने जानकारी दी कि यह ऐप जिले के शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचारों को साझा करने, आपसी सीख को बढ़ावा देने तथा शैक्षणिक गतिविधियों के दस्तावेजीकरण हेतु विकसित किया गया है।



**ये हैं विजेता शिक्षक:** कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय विजेता शिक्षकों में प्राथमिक शाला डहुकोना के विजय कुमार, प्राथमिक शाला बड़े गमहरिया की सुनैना तिर्की, प्राथमिक शाला बड़े गमहरिया की सिरमती चौहान, प्राथमिक शाला डिपाटोली की आरती ओहदार, प्राथमिक शाला नदीडिपा की रीना रानी गोस्वामी, प्राथमिक शाला डोंगरदाह के महेंद्र सिंह बंजारा, प्राथमिक शाला सुजीबहार की शरदा पैंकरा शामिल रहे।

## पेट्रोल-डीजल नहीं मिलने से किसान हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पेट्रोल डीजल नहीं मिलने से किसान वर्ग हो रहे हैं अधिक परेशान खेती का सीजन शुरू हो गया है और डीजल न मिलना किसान वर्ग से लेकर सभी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके विरोध में ब्लाक कांग्रेस का प्रदर्शन...आज ब्लाक कांग्रेस कमेटी पत्थलगांव के तत्वावधान में पत्थलगांव पेट्रोल पंप में बढ़ती हुई पेट्रोल डीजल और गैस सिलेंडर खाद्य तेल एवं अन्य मंहगाई के विरोध में एकदिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया जिसमे भारी संख्या में कांग्रेस साथी मौजूद थे।

## महंगाई, उर्वरक की किल्लत के लिए केंद्र जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

देश में बढ़ती हुई महंगाई और पेट्रोल, डीजल, उर्वरक की किल्लत के लिए सीधे तौर पर भाजपा और एनडीए की केंद्र सरकार की गलत नीतियां जिम्मेदार हैं। महंगाई को काबू में रखने के लिए आम जनता से सहयोग करने वाली भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। उक्त बातें कांग्रेस के जिला संगठन प्रभारी और छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजातिय आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने कही। वे जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

- कांग्रेस का आरोप-भाजपा की कथनी व करनी में अंतर

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेशी धरती से आने वाला समय देश के लिए और अधिक कठिनाई भरा होने की बात कह कर क्या संदेश देना चाहते हैं? भाजपा को स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पांच राज्यों के चुनाव से पहले तक देश में स्थिति पूरी तरह से ठीक थी और चुनाव परिणामों की घोषणा होते ही एकाएक स्थिति सरकार के काबू से बाहर चली गई। प्रधानमंत्री द्वारा मुद्रा स्फीति को काबू में रखने के लिए किए गए अपील पर भानू प्रताप सिंह ने कहा कि एक ओर पीएम आम जनता से विदेशों की सैर ना करने की अपील करते हैं और इसके तुरंत बाद स्वयं पांच देशों की यात्रा पर रवाना हो जाते हैं। पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्री अपने काफिले में कटौती की सिर्फ तस्वीरें खिचवातें हैं।




### भाजपा की कथनी और करनी में अंतर

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर भाजपा की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। जबकि देश में अनाज की कमी के दौरान तात्कालिन प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री ने स्वयं एक समय उपवास रख कर और 1971 के भारत पाक युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी ने अपने जेवर दान देकर जनता के सामने उदाहरण पेश किया था। देश में लगातार गहराते उर्जा संकट के लिए केंद्र सरकार की गलत विदेश नीति को जिम्मेदार बताते हुए भानू प्रताप सिंह ने कहा कि जिन देशों से भारत को निर्बाध और आसान शर्तो में उर्जा की सप्लाई होती थी,वर्तमान केंद्र सरकार उनसे संबंध बनाए रखने में पूरी तरह से विफल रही है। वहीं,जिन देशों का सरकार सहयोग कर रही है,वे संकट के इस समय में देश का सहयोग नहीं कर रहे हैं।

### कांग्रेस लगातार करेगी विरोध

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष यूडी मिंज ने कहा कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस आमजनता के साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी हुई है। जनता के हित व अधिकारों के लिए जहां भी जरूरत होगी कांग्रेस संघर्ष करेगी। उन्होनें बताया कि पेट्रोल डीजल संकट को लेकर कांग्रेस, पेट्रोल पंपों में प्रदर्शन कर रही है। यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।



## खबर संक्षेप

### कोटवार के खेत में मिली अज्ञात युवक का शव

**रायगढ़।** खरसिया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत तेलीकोट के नवापारा रोड किनारे स्थित ग्राम कोटवार की भूमि में एक अज्ञात शव मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांव में ही रहने वाले बलदेव नामक युवक के घर के पीछे ग्राम कोटवार रामदास का खेत हैं, जहां सुबह ग्रामीणों ने इस शव को देखा। खेत में शव मिलने की सूचना मिलते ही वहां ग्रामीणों की काफी भीड़ एकत्र हो गई। वहीं दूसरी ओर गांव में शव मिलने की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए जांच में जुट गई। शव के पेंट से आधार कार्ड और पैन कार्ड मिला, जिससे शव की पहचान मंगल आल्डा के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि यह मूलतः झारखंड का रहने वाला है और पिछले कुछ समय से खरसिया और इसके आसपास के इलाके में रोजी मजदूरी करता था।

### लकड़ी टाल ऑफिस का शटर तोड़कर चोरी

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने लकड़ी टाल कार्यालय का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे करीब 42 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार हो गए। मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार कालिंदी कुंज निवासी राजकुमार अग्रवाल का उड़ीसा बाईपास रोड सरईभदर में लकड़ी टाल का ऑफिस है। पीड़ित ने बताया कि 15 और 16 मई की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने उसके ऑफिस को निशाना बनाया। चोर पहले ऑफिस का शटर तोड़कर अंदर घुसे, फिर अंदर लगे कांच के दरवाजे के किनारे को तोड़कर कार्यालय में प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने गल्ले का ताला तोड़कर उसमें रखे लगभग 42 हजार रुपए नकद पार कर दिए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह तब हुई जब राजकुमार अग्रवाल अपने ऑफिस पहुंचे। वहां शटर और ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर जांच करने पर गल्ले में रखी नकदी गायब थी। घटना के बाद पीड़ित ने जूटमिल थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और चोरी का पता लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुट गई है।

### खरसिया, छाल और पुसौर में शराब जब्त

**रायगढ़।** अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खरसिया, छाल और पुसौर थाना क्षेत्रों में मुखबिर सूचना पर अलग-अलग कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 58 लीटर अवैध महुआ एवं देशी शराब जब्त कर 3 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। छाल पुलिस ने शराब रेड कार्रवाई में आरोपित चैन सिंह से भारी मात्रा में शराब जप्त की है । पुलिस ने ग्राम हाटी बाजार पारा के पीछे एक व्यक्ति महुआ शराब बिक्री करते पकड़ा है। छाल पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी चैनसिंह राठिया पिता स्वर्गीय देवसिंह राठिया उम्र 50 वर्ष निवासी कीदा को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से अलग-अलग प्लास्टिक जरीकेनों में भरी कुल 35 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। वहीं पुसौर पुलिस ने एक व्यक्ति स्कूटी में अवैध शराब लेकर तेतला की ओर जाते पकड़ा है। पुलिस टीम ने तेतला रोड पर घेराबंदी कर स्कूटी क्रमांक सीजी 13 बीडी 4661 को रोका। जांच के दौरान आरोपी रवि कर्ष पिता ननकीराम कर्ष उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सूपा के कब्जे से बैग में रखी करीब 9 लीटर बरामद की गई। शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### मुख्यमंत्री ने फाउंडेशन को सौंपी भूमि आबंटन आदेश की प्रति

# गंवरघुटरी के ग्रामीणों को अब इलाज के लिए जाना नहीं पड़ेगा दूर, खुलेगा 100 बिस्तर अस्पताल

- गरीब और आदिवासी परिवारों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल
- सुशासन तिहार के दौरान वनांचल क्षेत्र के विकास और स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र धरमजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम गंवरघुटरी अब स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाने जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल और राज्य शासन की जनकल्याणकारी सोच के परिणामस्वरूप यहां 100 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल स्थापित किया जाएगा। इस अस्पताल के निर्माण से धरमजयगढ़ सहित आसपास के वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले हजारों ग्रामीणों, विशेष रूप से आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्राम गंवरघुटरी, तहसील धरमजयगढ़ की 2 हेक्टेयर भूमि 30 वर्ष की अस्थायी लीज पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को आबंटित की गई है। इस भूमि पर फाउंडेशन द्वारा गरीबों और जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 100 बिस्तरों का अस्पताल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तहत रायगढ़ जिले के दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर संभाग के जांजगीर चांपा, कोरबा और रायगढ़ जिलों की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को भूमि आबंटन आदेश की प्रति सौंपते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास और मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी, सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष तौर पर उपस्थित थे।



जमीन आबंटन की प्रति सौंपते सीएम।

शासन द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार भूमि का उपयोग केवल अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यों के लिए ही किया जा सकेगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों तथा अन्य वैधानिक प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा। शासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि भूमि का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए ही किया जाए तथा समय समय पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इसका निरीक्षण किया जाता रहे। राज्य शासन के इस फैसले का वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि अस्पताल निर्माण से न केवल बेहतर उपचार सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि क्षेत्र में रोजगार और अन्य सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

#### ग्रामीणों को मिलेगा बेहतर चिकित्सा सुविधा

यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का एक बड़ा केंद्र बनेगा। वर्तमान में धरमजयगढ़ और आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गंभीर बीमारी या विशेष उपचार के लिए रायगढ़, बिलासपुर अथवा अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल बनने के बाद स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे ग्रामीणों को त्वरित उपचार मिल सकेगा। अस्पताल में सामान्य चिकित्सा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, आपातकालीन उपचार, जांच सुविधाएं तथा अन्य आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेगी। इससे वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर मजबूत होगा और ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा।

### नशामुक्ति अभियान की रंजिश में पंच के परिवार से मारपीट

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम अमलीभौना में नशा मुक्ति अभियान से जुड़ी पुरानी रंजिश को लेकर वार्ड पंच और उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के चार लोगों पर घर का बिजली कनेक्शन काटने, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और पूरे परिवार से मारपीट करने का आरोप लगाया है। ग्राम अमलीभौना निवासी गौरीशंकर सिदार खेती-मजदूरी का काम करता है और ग्राम पंचायत छोटेभण्डार के वार्ड क्रमांक 11 का वार्ड पंच है। गौरीशंकर ने बताया कि पूर्व में गांव में चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के दौरान उसने शराब बनाने वालों को बंद करवाने की पहल की थी। इसी बात को लेकर कुछ लोग उससे रंजिश रखते हैं और पहले भी तीन बार उसके घर का बिजली कनेक्शन काटा जा चुका है। पीड़ित के मुताबिक 14 मई की रात करीब 10:30 बजे उसने गांव के रमेश उरांव, दिनेश उरांव, गणेश उरांव और अमित उरांव को उसके घर का बिजली कनेक्शन काटते हुए देख लिया। विरोध करने पर चारों आरोपी भड़क गए और मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप है कि इसके बाद सभी ने मिलकर हाथ-मुक्कों से उसकी पिटाई शुरू कर दी।

## शशीपुर में धूमधाम से मनाई गई शनिदेव जयंती, भंडारे का आयोजन

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर नगर पंचायत अंतर्गत शशीपुर स्थित मनोकामनापूर्ण शनिदेव मंदिर में 16 मई दिन शनिवार को शनिदेव जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक दिन पूर्व शुक्रवार शाम को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों एवं विद्युत सजावट से सजाया गया था, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। शनिवार सुबह विधि विधान से पूजा अर्चना, हवन एवं ध्वजारोहण किया गया। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने शनिदेव के दर्शन कर सुख समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात विशाल भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। मंदिर समिति एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।



## नगर पंचायत पुसौर में आयोजित राजस्व शिविर में कई मामलों का निराकरण

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर कार्यालय भवन के सभा कक्ष में राजस्व से जुड़े मामलों के निपटारा के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव, अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर उपाध्यक्ष मोहित सतपथी तथा सीएमओ ललित साहू के समूचित व्यवस्था में राजस्व शिविर का आयोजन हुआ।

जिसमें पुसौर हल्का पटवारी विनय त्रिपाठी तथा तडोला हल्का के पटवारी सहित अन्य राजस्व से जुड़े लोग मौजूद रहे। जिसमें पुसौर हल्का और तडोला हल्का के आवेदक गणों ने अपना अपना आवेदन प्रस्तुत किया। जानकारी के मुताबिक उक्त शिविर में पीएम आवास प्राप्त करने संबंधी दस्तावेज, नक्शा बटांकन, नवीन ऋण पुस्तिका, आय जाति निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य कई दस्तावेजों के मांग आवेदन प्रस्तुत हुए। कार्यालय में पहुंच रहे आवेदकों के लिए उचित बैठक तथा शीतल पेय की व्यवस्था रहने से शिविर स्थल पर भीड़ कम रही। उक्त शिविर नगर अध्यक्ष मनी मोहित सतपथी की अध्यक्षता में हुआ। राजस्व विभाग से पुसौर हल्का पटवारी विनय त्रिपाठी और तड़ोला हल्का पटवारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए दस्तावेज जमा किए। पैतृक जमीन के बंटवारे के लिए नक्शा तरमीम के आवेदन आए। किसानों ने नवीन ऋण पुस्तिका बनवाने के लिए फॉर्म भरे। आय जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए भी आवेदकों की कतार लगी। कुछ लोगों ने जमीन नामांतरण और सीमांकन की भी मांग रखी। नगर पंचायत ने आवेदकों के लिए बैठने की बेहतर व्यवस्था और ठंडे पानी की सुविधा की थी। इसी वजह से तेज गर्मी के बावजूद शिविर स्थल पर अफरा तफरी नहीं मची और लोग क्रम से अपनी बारी का इंतजार करते रहे। सीएमओ ललित साहू ने बताया कि कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 23 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया।




## सीएम साय अचानक कुसमूरा के अपने पुराने परिचित के घर पहुंचे, आत्मीयता से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बार फिर यह साबित किया कि सार्वजनिक जीवन में ऊंचे पद पर पहुंचने के बाद भी अपने पुराने साथियों और संबंधों को निभाना उनके व्यक्तित्व की विशेष पहचान है। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम कुसमूरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री अपने पुराने सहयोगी सनत नायक के निवास पहुंचे और उनके परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात की।



मुख्यमंत्री ने परिवार के सदस्यों के साथ सहज संवाद करते हुए पुराने दिनों की स्मृतियां साझा कीं तथा उनके घर पर भोजन भी किया। यह आत्मीय मुलाकात इस बात का उदाहरण है कि जीवन में कितनी भी बड़ी सफलता मिल जाए, रिश्तों और साथ निभाने वाले लोगों का महत्व हमेशा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायगढ़ क्षेत्र से चार बार सांसद रह चुके हैं। इस दौरान सनत नायक ने एक सहयोगी के रूप में उनके साथ कार्य किया है। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, नगर पालिका खरसिया अध्यक्ष कमल गर्ग, अरुणधर दीवान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ ने पेट्रोल पंप में ग्राहकों को पानी पाउच वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रीष्म ऋतु में तापमान निरंतर बढ़ता जा रहा है वहीं आम जनता अपने वाहनों में पेट्रोल और डीजल की मारामारी से बचने के लिए पेट्रोल पंप में कतारों में लगी हुई है और एक तरफ कतार दूसरी तरफ गर्मी दोनों ने वाहन मालिकों सहित आम जनता के कंठ को सुखा दिया। जिसको देख सामाजिक संस्था रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंप में वाहन मालिकों को पेयजल हेतु ठंडे पानी पाउच का वितरण किया।

रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ के विनय शुक्ला, अभिषेक चौहान, संतोष यादव, ईनाम सिद्दीकी, ऋषभ मिश्रा, तिजेश जायसवाल, मुजीब अहमद, अनिल चीकू आदि ने आज रायगढ़ शहर के स्टेशन पैट्रोल पंप और अपेक्स पेट्रोल पंप जहां पर आज वर्तमान में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध रहा वहां पर कतारों में खड़े और उपस्थित ग्राहकों गर्मी में हल्कान देखा जो इस भीषण गर्मी व्याकुलता से इनके कंठ सुख और जूझ रहे थे। उनको अविलंब पेयजल के लिए ठंडे पानी का पाउच पेयजल प्रदाय किया।



## पृष्ठ 1 का शेष

### घोघरा डैम में डूबने ...

रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार ग्राम बालाझार निवासी सुकांती तिग्गा उम्र 32 वर्ष रविवार दोपहर अपनी दो बेटियों के साथ घोघरा डैम में कपड़े धोने और नहाने गई थीं। बताया जा रहा है कि सुकांती लगभग आठ माह की गर्भवती थीं। नहाने के दौरान अचानक उनका और उनकी छोटी बेटी मीनाक्षी तिग्गा उम्र 8 वर्ष का संतुलन बिगड़ गया और दोनों गहरे पानी की ओर चली गईं।डैम में पानी अधिक गहरा होने के कारण मां-बेटी खुद को संभाल नहीं सकीं और देखते ही देखते पानी में डूब गईं। बड़ी बेटी ने तैरकर बचाई जान- घटना के समय वहां मौजूद बड़ी बेटी आराधना तिग्गा उम्र 10 वर्ष ने साहस का परिचय देते हुए किसी तरह तैरकर अपनी जान बचाई। मां और छोटी बहन को डूबते देख वह घबराई हुई हालत में दौड़कर घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में डैम पहुंचे। मौके पर महिला के कपड़े, बाल्टी और चप्पलें किनारे पर पड़ी मिलीं, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए- घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि डैम के खतरनाक हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। लोगों ने चेतावनी बोर्ड लगाने, बैरिकेडिंग कराने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के दिनों में बड़ी संख्या में लोग डैम में नहाने और पानी भरने पहुंचते हैं, ऐसे में सुरक्षा उपाय बेहद जरूरी हैं। एक झटके में उजड़ गया परिवार- इस हृदयविदारक हादसे ने मृतका के पति इमानवेल तिग्गा और पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिवार ने एक ही घटना में पत्नी, गर्भ में पल रहे बच्चे और मासूम बेटी को खो दिया। घटना के बाद पूरे बालाझार गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि घोघरा डैम में पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं।

### युवक को रस्सी ...

विरोध करते हुए गाली देने का कारण पूछा तो आरोपी भड़क गए। उन्होंने जोगेंद्र को रस्सी से बांध दिया। इसके बाद डंडे और लोहे की सरिया से उसकी पिटाई शुरू कर दी। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। घटना के करीब 12 दिन बाद पीड़ित जोगेंद्र बढ़ाई ने 11 मई को थाना बागबहार में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।पुलिस ने वायरल वीडियो, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद पुलिस टीम ने नवीन बंजारा उम्र 35 वर्ष। भगवती बंजारा उम्र 60 वर्ष। दिनेश बंजारा उमा 42 वर्ष। अंजुलता बंजारा उम्र 31वर्ष सभी आरोपी ग्राम झारपारा, बागबहार के निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## 8 माह की गर्भवती महिला पर हमला गाली-गलौज और धमकी का आरोप

**रायगढ़।** जिले के एक गांव में 8 माह की गर्भवती महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम पडिगांव से सामने आया है। पीड़िता ने पड़ोस में रहने वाले तीन लोगों पर घर में घुसकर विवाद करने, अश्लील गालियां देने और ईंट फेंककर हमला करने का आरोप लगाया है।

मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पडिगांव निवासी तीजबाई सारथी ने बताया कि वह गृहणी है और वर्तमान में 8 माह की गर्भवती है। उसके दो छोटे बच्चे हैं, जो मोबाइल फोन में खेल रहे थे। गुरुवार रात करीब 8 बजे उसका पति काम से लौटकर घर आया और बच्चों को मोबाइल चलाते देखकर डांटने लगा। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले आशीष चौहान, रोहित चौहान और टिकेश्वर चौहान उनके घर आ गए। आरोप है कि तीनों ने बच्चों को गाली देने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया और उसके पति के साथ मां-बहन की अश्लील गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता के मुताबिक विवाद के दौरान टिकेश्वर चौहान ने घर के पास पड़े ईंट के टुकड़े से हमला कर दिया। ईंट उसके पति को न लगकर उसके दाहिने कुल्हे में जा लगी, जिससे उसे चोट आई और दर्द होने लगा। महिला ने बताया कि वह गर्भवती है और ईंट पेट में लग जाती तो कोई अप्रिय घटना हो सकती थी।घटना को पड़ोस में रहने वाली सहोद्रा सारथी और सरिता सारथी ने भी देखा और सुना बताया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
स्पेशल ट्रेन से - 31 अगस्त से 14 सितम्बर 2026 (15 दिन)
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
14 सितम्बर, 26 सितम्बर,
10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त